**भारतीय मानक ब्यूरो**
मानक भवन, 9, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली- 110002
वेबसाइट : http://www.bis.org.in

## विज्ञापन सं. 1/2017(ए)/स्था.

(संदर्भ : रोजगार समाचार पत्र एवं विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों मे प्रकाशित
ससूंचक विज्ञापन सं. 01/2017 (ए) स्थापना दिनांक 10 जून 2017)

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यरत सांविधिक निकाय है और देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, सोने/चांदी की ज्वैलरी की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण, आदि के क्षेत्र में कार्यरत है, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार बीआईएस मुख्यालय, नई दिल्ली और/या भारत में बीआईएस के किसी भी कार्यालय में सीधी भर्ती द्वारा सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) के पद पर रिक्तियाँ भरने हेतु पात्र व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

1. रिक्तियों की संख्या: इन पदों में रिक्तियों के श्रेणी-वार ब्रैकअप का विवरण नीचे दिया गया है::

| पद का नाम | रिक्तियों का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | कुल | दिव्याङ्ग (पीड्ब्ल्यूडी) |
| सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) | 2 | 1 | - | - | 3 | -* |

*भारत सरकार के आदेशानुसार दिव्यांगजनों को “इंटरलॉकिंग आरक्षण” प्रदान किया जाएगा।

**नोट:** आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है। बीआईएस नियुक्ति पर अभ्यर्थियों को भारत में स्थित अपने किसी भी कार्यालय में नियुक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सेवा की महत्त्पूर्ण शर्तों के लिए कृपया **अनुबंध-I** (पृ.3) देखें।

2. **आरक्षण :** सभी प्रकार के आरक्षण के बारे में जानकारी के लिए कृपया **अनुबंध- II** (पृ. 4-9) देखें।

3. **पद के लिए शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ: तीन वर्ष के अनुभव के साथ एलएलबी।**

   और अधिक विवरण हेतु **अनुबंध –III** (पृ.10) देखें।

4. **आयु सीमा:**

   (i) इस पद हेतु अभ्यर्थियों की आयु 18 – 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अभ्यर्थी का जन्म “**04 जुलाई 1987 से पहले**” और “**03 जुलाई 1999 के बाद** ”; नहीं होना चाहिए।

   (ii) ऊपरी समय सीमा में छूट के लिए कृपया **अनुबंध -** *IV (पृ.-11-12) देखें।*

5. **वेतन संरचना (वेतनमान), पद के लिए भर्ती हेतु भर्ती की प्रक्रिया :**

| पद की वेतन संरचना | पद समूह | भर्ती की प्रक्रिया |
|---|---|---|
| लेवल – 10 (7वें वेतन आयोग के अनुसार) | क | ऑन-लाइन परीक्षा; तथा<br>साक्षात्कार, जिसमे पैनल चर्चा का समावेश तदनंतर संबन्धित विषय मे ज्ञान पर साक्षात्कार हो सकता है। |

6. ऑन लाईन परीक्षा: ऑन लाईन परीक्षा में उपस्थित होने के लिए ऑन लाईन अन्य दिशा-निर्देश/सूचना और परीक्षा केन्द्रों; ऑन लाईन परीक्षा की संरचना से संबंधित विवरण अनुबंध-V, VI और VII क्रमश: (पृ. 13, 14 एवं 15-17) में दिया गया है।

7. आवेदन कैसे किया जाए – अभ्यर्थी को बीआईएस की वेबसाइट के माध्यम से ऑन लाईन आवेदन करना होगा, जो 21 दिनों के लिए खुला रहेगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन का कोई अन्य माध्यम/साधन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अन्य जानकारी के लिए कृपया अनुबंध -VIII(पृ. 18-21) देखें।

8. आवेदन शुल्क का भुगतान :

i) आवेदन शुल्क रु 800/- केवल सामान्य और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा देय होगा। अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /दिवयांगजन (पीडब्ल्यूडी)/महिलाओं और बीआईएस विभागीय अभ्यर्थियों के द्वारा शुल्क देय नहीं होगा।

ii) आवेदन शुल्क का भुगतान केवल ऑन लाईन सिस्टम द्वारा किया जाएगा।

iii) शुल्क ऑन लाईन आवेदन के पंजीकरण के दिनों के दौरान ही देय होगा और लौटाया नहीं जाएगा।

iv) ऑन लाईन आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए बैंक लेन-देन शुल्क, यदि कोई हो, तो वह व्यय अभ्यर्थी द्वारा स्वंय वहन करना होगा।

कार्यक्रम की समय-सारणी निम्नलिखित होगी:

| ऑनलाईन कार्यक्रम | तिथि(यों)/अवधि |
|---|---|
| आवेदन पत्रों का पंजीकरण | **12.06.2017 (11.06.2017 मध्यरात्रि ) से 03.07. 2017 (मध्यरात्रि) तक** |
| आवेदन शुल्क भुगतान(ऑन लाईन) | **12.06.2017 (11.06.2017 मध्यरात्रि ) से 03.07. 2017 (मध्यरात्रि) तक** |
| ऑन लाईन परीक्षा के लिए कॉल लेटर जारी करने की तिथि | 15.07.2017 (अस्थायी) |
| ऑनलाईन परीक्षा की तिथि | 31.07.2017 (अस्थायी) |
| ऑनलाईन परीक्षा का परिणाम घोषित करने की तिथि | 14.08.2017 (अस्थायी) |

अभ्यर्थी सूचना और अद्यतनीकरण के लिए नियमित रूप से प्राधिकृत बीआईएस वेबसाइट और उसकी पंजीकृत ई-मेल आईडी के संपर्क में रहे।

10. महत्त्वपूर्ण अनुदेश : विवरण के लिए अनुबंध -IX (पृ. 22-23) को देखें।

11. घोषणाएं : भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अन्य घोषणाएं/सूचना अभ्यर्थी की पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजी जाएगी और समय समय पर बीआईएस वेबसाईट www.bis.org.in पर भी प्रकाशित की जाएगी।

12. ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन से संबन्धित किसी भी सवाल के उत्तर हेतु **rectt-helpdesk2017@bis.gov.in** पर ईमैल करें। सवालों का उत्तर केवल कार्यदिवसों मे 0900 बजे से 1730 बजे तक ही दिया जाएगा।

13. विज्ञापन मे जहां भी हिन्दी भाषा के माध्यम से किसी प्रकार का संशय होगा वहाँ पर अङ्ग्रेज़ी भाषा का विज्ञापन मान्य होगा । **अनुबंधों हेतु कृपया अंग्रेजी भाषा का विज्ञापन देखें।**

हस्ता /-

दिनांक : 10 जून 2017 — निदेशक(स्थापना)

स्थान : नई दिल्ली — ई-मेल आईडी: dest@bis.org.in